राजस्थान भ्रमण यात्रा

2x2 पुशबैक A/C बस द्वारा

यात्रा समयः 13 दिन

यात्रा प्रस्थानः 04 दिसंबर 2026, 3 फरवरी व 21 अप्रैल 2027

दिन	दर्शनीय स्थल
पहला	**दिल्ली/जयपुर** से शुभ प्रस्थान (रात्रि विश्राम जयपुर)।
दूसरा	**जयपुर** जलमहल, आमेर का किला, गोविन्द देव मंदिर, मोती डूँगरी गणेश मंदिर, बिडला मंदिर व जंतर मंतर, हवा महल (रात्रि विश्राम जयपुर)।
तीसरा	**खाटू श्याम बाबा** के दर्शन, झुन्झुनू में रानी सती दादी दर्शन करते हुए सालासर के लिए प्रस्थान (रात्रि विश्राम सालासर)।
चौथा	**सालासर बालाजी दर्शन**, करणी माता दर्शन करते हुए बीकानेर के लिए प्रस्थान (रात्रि विश्राम बीकानेर)।
पांचवां	**बीकानेर** जूनागढ़ किला, रामदेवरा दर्शन व दोपहर रामदेवरा में भोजन करने के पश्चात् जैसलमेर के लिए प्रस्थान (रात्रि जैसलमेर)।
छठवां	**जैसलमेर** सोनार किला, पटवों की हवेली, नाथमल की हवेली, तनोट माता मंदिर, सनसेट (रात्रि विश्राम जैसलमेर)।
सातवां	**जैसलमेर** से प्रातः प्रस्थान, वार म्यूजियम (रात्रि विश्राम जोधपुर)।
आठवां	**जोधपुर** मेहरानगढ़ किला, उम्मेद भवन (रात्रि विश्राम आबूरोड)।
नवां	**माउंट आबू** प्राकृतिक सौन्दर्य दर्शन, नक्कीलेक, दिलवाड़ा मंदिर, ब्रह्माकुमारी मंदिर, रघुनाथ मंदिर, **अंबाजी मंदिर** गुजरात में (रात्रि आबूरोड)।
दसवां	**उदयपुर** हल्दीघाटी, एक लिंगनाथ दर्शन, श्रीनाथ जी(नाथद्वारा) रात्रि उदयपुर
ग्यारहवां	**उदयपुर** सिटी लेक पैलेस, जगदीश मंदिर, सहेलियों की बाड़ी, फतेहसागर (रात्रि विश्राम उदयपुर में)।
बारहवां	**चित्तौड़गढ़** सावलिया जी, चित्तौड़गढ़ किला (स्वंय रिक्शा द्वारा) रात्रि पुष्कर
तेरहवां	**पुष्कर** सरोवर स्नान, ब्रह्माजी मंदिर दर्शन, दोपहर भोजन के पश्चात् मधुर स्मृतियों के साथ दिल्ली/जयपुर में यात्रा समापन।

यात्रा का किराया:- भोजन, चाय, नाश्ता, A/C डबल बैड होटल रूम, घुमाने के लिए A/C पुशबेक डीलक्स बसों सहित किराया ₹**32,001/-** प्रति यात्री होगा। नोट: यात्रियों का आरक्षण दिल्ली से जयपुर एवं जयपुर से दिल्ली स्लीपर क्लास में रहेगा। कृपया बस यात्रा के नियम पेज नं. 34 को ध्यान पूर्वक पढ़ कर ही सीट बुक कराये।

फ्लाईट/बस/राजधानी द्वारा यात्रा के नियम व सुविधाएं

1. **यात्रा शुल्क** में डबल बेड रूम, भोजन एवं निर्धारित भ्रमण शामिल हैं। हवाई पैकेज में फ्लाइट किराया तथा बस/रेल यात्रा में निर्धारित परिवहन व्यवस्था शामिल रहेगी। बुकिंग हेतु **बस/रेल यात्रा** के लिए **₹5,000/-** और **फ्लाइट यात्रा** के लिए **₹10,000/-** प्रति यात्री **'श्री शिव शंकर तीर्थ यात्रा', ऋषिकेश** के SBI बैंक खाते अथवा नजदीकी कार्यालय में जमा करें तथा शेष राशि यात्रा प्रारंभ से 15 दिन पूर्व जमा करना अनिवार्य है। **बुकिंग रद्द करने पर अग्रिम राशि वापस नहीं होगी। फ्लाइट, रेल, होटल व अन्य बुकिंग के कैंसिलेशन शुल्क अग्रिम राशि से अधिक होने पर अंतर यात्री द्वारा देय होगा। यात्रा तिथि नजदीक आने पर फ्लाइट टिकट का मूल्य बढ़ सकता है, जिससे किराये में होने वाली अतिरिक्त वृद्धि का अंतर भी यात्री द्वारा देय होगा और रेल रिजर्वेशन में वेटिंग आ सकती है, इसलिए अपनी सीट समय से बुक कराएं। दर्शनीय स्थलों के प्रवेश शुल्क, बोटिंग, क्रूज, रोपवे, पोर्टर, वाटर स्पोर्ट्स, जू-सफारी, एडवेंचर गतिविधियाँ, पारंपरिक शो, यात्रा बीमा तथा अन्य अतिरिक्त सुविधाएँ पैकेज में शामिल नहीं हैं। इनका खर्च यात्री द्वारा स्वयं वहन किया जाएगा।**
2. **भोजन व्यवस्था:** यात्रा में सुबह चाय, नाश्ता, दोपहर व रात्रि भोजन में दाल, एक सब्जी, चावल, रोटी रहेगी। शाम को चाय होगी। दाल-चावल-रोटी में देशी घी का प्रयोग होगा। सब्जी व नाश्ते में मूंगफली का तेल प्रयोग होगा। चावल बासमती बनेगा। प्याज-लहसुन का प्रयोग पूर्णतः वर्जित होगा। यात्रा के दौरान तवा चपाती बनायी जायेगी व समय की उपलब्धता के अनुसार पूरी, पराठें व खिचड़ी भी बनेगी और लंच पैकेट भी दिया जाएगा। रेल द्वारा लम्बी दूरी की यात्रा के दौरान भोजन व्यवस्था I.R.C.T.C के भोजनालय से होगी। भोजन के साथ पानी की बोतल दी जायेगी।
3. **होटल एवं बस:** होटल में 2 यात्रियों के लिए डबल बेड रूम रहेगा। सिंगल रूम ₹8,000–₹10,000 अतिरिक्त भुगतान पर मिलेगा। होटल नियमानुसार चेक इन और चेक आउट समय का पालन करना अनिवार्य है। परिवहन के दौरान A/C सुविधा केवल वाहन चलते समय उपलब्ध रहेगी।
4. **फ्लाइट नियम:** सामान एयरलाइन के नियमानुसार रहेगा, सामान्यतः 15 किलो चेक-इन + 7 किलो हैंड बैग। यात्री टिकट पर दिए गए एयरपोर्ट/टर्मिनल के बाहर फ्लाइट से 3 घंटे पहले पहुँचकर संस्था के प्रतिनिधि से संपर्क करें। यात्री अपना मूल पहचान पत्र साथ रखें।

यात्रियों को निम्नलिखित नियमों का पालन करना अनिवार्य है।

1. यात्रा के दौरान यात्री के स्वास्थ्य, सामान, धन अथवा किसी भी व्यक्तिगत क्षति की जिम्मेदारी स्वयं यात्री की होगी। संस्था/व्यवस्थापक इसके लिए उत्तरदायी नहीं होंगे। रेल एवं फ्लाइट के निर्धारित नियमों का पालन अनिवार्य है। यात्रा शुल्क में बीमा शामिल नहीं है, यात्री अपने खर्च पर यात्रा बीमा करवा सकते हैं। यात्री द्वारा होटल, बस, रेल व अन्य संपत्ति को नुकसान पहुँचाने पर उसकी भरपाई स्वयं यात्री को करनी होगी।
2. रेल/फ्लाइट में सीट का आवंटन संबंधित रेलवे/एयरलाइन द्वारा किया जाता है। बस में सीटों काआवंटन लॉटरी द्वारा होगा। सभी यात्रियों को निर्धारित समय का पालन करना अनिवार्य है। यदि कोई यात्री ग्रुप से अलग या पीछे रह जाता है, तो उसे अगले गंतव्य तक अपने खर्च पर पहुँचना होगा। बसें निर्धारित पार्किंग स्थल तक ही जाएँगी वहाँ से दर्शनीय स्थल तक पैदल, रिक्शा अथवा अन्य स्थानीय साधन का खर्च यात्री स्वयं वहन करेंगे।
3. स्वास्थ्य संबंधी समस्या होने पर डॉक्टर, अस्पताल, दवा आदि का खर्च यात्री स्वयं वहन करेंगे। यदि कोई यात्री अस्वस्थता अथवा अन्य व्यक्तिगत कारण से यात्रा बीच में छोड़कर घर लौटना चाहता है, तो संस्था केवल घर वापसी हेतु रेलवे का स्लीपर क्लास टिकट उपलब्ध कराएगी। यह सुविधा यात्रा समाप्ति से 5 दिन पूर्व तक ही लागू होगी। किसी भी परिस्थिति में यात्रा शुल्क की वापसी देय नहीं होगी।
4. फ्लाइट/ट्रेन में देरी, बस खराब, खराब मौसम, बंद, रैली, अवकाश व अन्य अप्रत्याशित परिस्थितियों के कारण किसी स्थान के दर्शन/भ्रमण में परिवर्तन या रद्द होने की स्थिति में व्यवस्थापक आवश्यकतानुसार कार्यक्रम में बदलाव कर सकते हैं। यात्रियों से परिस्थिति को समझते हुए सहयोग की अपेक्षा है। यात्रा के दौरान मैनेजर एवं संस्था यात्रियों को अधिकतम सुविधा प्रदान करने का प्रयास करेंगे। कृपया मैनेजर के निर्देशों का पालन करें।
5. कृपया अपनी फ्लाइट के टिकट स्वयं केवल रिफंडेबल श्रेणी में ही बुक करें, ताकि किसी अपरिहार्य परिस्थिति में यात्रा की तारीख में बदलाव करना पड़े, तो आपको आर्थिक नुकसान कम से कम हो।